मुख्य अभियंता का कार्यालय 2240
बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण,
जल संसाधन विभाग, मुजफ्फरपुर
(E-mail- chiefengineerwrdmuz@gmailcom)

पत्र संख्या-1-कार्य-विविध-140-112/2026- मुजफ्फरपुर, दिनांक - 25.05.2026

बाढ़ संघर्षात्मक कार्य (वर्ष-2026) हेतु पुनः आवेदन आमंत्रण सूचना

इस कार्यालय के पत्रांक 1614 दिनांक 17.04.2026 द्वारा मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, जल संसाधन विभाग, मुजफ्फरपुर परिक्षेत्राधीन प्रमंडलों में बाढ़ संघर्षात्मक कार्य हेतु सम्वेदकों से आवेदन आमंत्रित की गई थी। अपरिहार्य कारणों से पुनः दिनांक 26.05.2026 से 27.05.2026 के 5.00 बजे (अपराह्न) तक बाढ़ संघर्षात्मक कार्य करने हेतु इच्छुक सम्वेदकों से आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं।

परिक्षेत्राधीन बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल, मुजफ्फरपुर/जल निस्सरण प्रमंडल, मुजफ्फरपुर/जल निस्सरण प्रमंडल, हाजीपुर/बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण प्रमंडल, लालगंज/बागमती प्रमंडल, रून्नीसैदपुर/बागमती प्रमंडल, सीतामढ़ी/बागमती प्रमंडल, शिवहर / जल निस्सरण प्रमंडल, सीतामढ़ी / बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल, मोतिहारी / सिकरहना तटबंध प्रमंडल, मोतिहारी / जल निस्सरण प्रमंडल, मोतिहारी/जल निस्सरण प्रमंडल, बेतिया/बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल, बगहा/ शीर्ष कार्य प्रमंडल, वाल्मीकिनगर के क्षेत्राधीन नामांकण के आधार पर वर्ष- 2026 के बाढ़ अवधि (01 जून 2026 से 31 अक्टूबर 2026 तक) के दौरान बाढ़ संघर्षात्मक कार्य करने हेतु इच्छुक संवेदक जल संसाधन विभाग में वैध **ऑनलाईन** निबंधन पत्र के साथ प्रमंडलों का नाम उल्लेखित करते हुए आवेदन (मोबाईल नं0 / दूरभाष नं0 सहित) कर सकते हैं। श्रेणी- चार में जिला विशेष के पथ प्रमंडल द्वारा निबंधित संवेदक संबंधित जिला में कार्य करने के लिए आवेदन दे सकते हैं।

संवेदकों को अपने आवेदन के साथ वैध ऑनलाईन निबंधन पत्र के अलावे विधिवत् एक घोषणा पत्र, चरित्र प्रमाण पत्र एवं शपथ पत्र (नोटरी से निर्गत) के रूप में भी संलग्न करना होगा, जिसमें विभाग में निबंधन संख्या एवं अपना नाम, पिता का नाम एवं पता के साथ यह घोषणा करना अनिवार्य होगा कि **"कार्य मिलने पर वे स्वयं स्थल पर अपने संसाधनों (मजदूर आदि) के साथ चौबीस घंटे मुस्तैद रहेगें एवं ऐसा नहीं करने पर विभाग उनके विरूद्ध नियमानुकूल कार्रवाई कर सकती है"**। बाढ़ संघर्षात्मक कार्य आपातकालीन एवं जोखिम भरा कठिन कार्य होता है। इसलिए संवेदक सोच समझ कर आवेदन करेंगें। उक्त घोषणा का उल्लेख शपथ पत्र में नहीं रहने पर उनके आवेदन को मान्यता नहीं दी जायेगी।

इच्छुक संवेदक अपना आवेदन मुख्य अभियंता कार्यालय, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, जल संसाधन विभाग, मुजफ्फरपुर को संबोधित करते हुए दिनांक 26.05.2026 से 27.05.2026 के 5.00 बजे (अपराह्न) तक कार्य दिवस में मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, जल संसाधन विभाग, मुजफ्फरपुर के कार्यालय में सीधे जमा करेंगें। निर्धारित तिथि/समय के बाद एवं अधीक्षण अभियंता / कार्यपालक अभियंता के माध्यम से समर्पित आवेदन स्वीकार नहीं किये जायेगें। यदि वे ऐसा करते है तो इसे आदेश की अवहेलना मानते हुए उनके आवेदन को मान्यता नहीं दी जायेगी तथा इस संबंध में उनका कोई दावा मान्य नहीं होगा।

25.05.2026
(कुमार मनोज गुप्ता)
मुख्य अभियंता

ज्ञापांकः संख्या-1-कार्य-विविध-140-112/2026-2240 मुजफ्फरपुर, दिनांक - 25.05.2026

प्रतिलिपि - जन सम्पर्क पदाधिकारी, जल संसाधन विभाग, सिंचाई भवन पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

25.05.2026
(कुमार मनोज गुप्ता)
मुख्य अभियंता